ताजा खबरों के लिए पढ़ें-
https://ureshiyanews.page/
www.ureshiya.com

मेरठ से प्रकाशित व गाजियाबाद, बागपत, बुलन्दशहर, सहारनपुर, शामली, बिजनौर, अमरोहा, गजरौला में एक साथ प्रसारित

हमें सम्पर्क करें-
editorureshiya@gmail.com

# दैनिक युरेशिया

वर्षः 3 अंक : 180
मेरठ, बुधवार, 1 मई 2024
(पृष्ठः 6)
मूल्यः 2 रूपया

सम्पादक : संजय त्यागी 'महादेव'
प्रधान सम्पादक : गौहर अनवार



सीडीओ की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति . 4

राष्ट्रहित सर्वोपरि

मिलावट इतनी कि शुद्ध खाएं, फिर भी बीमार हो जाएं.... 4

एक नजर..

## पंत, चहल की वापसी य गिल और रिंकू रिजर्व में



## टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान

नयी दिल्ली, (एजेंसी) संजू सैमसन और युजवेंद्र चहल को आईपीएल में उनके शानदार प्रदर्शन के दम पर टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह मिली है, लेकिन शुभमन गिल और रिंकू सिंह को रिजर्व में रखा गया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को सचिव जय शाह और मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर की अहमदाबाद में बैठक के बाद रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम का ऐलान किया। विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में भारत के पास कई विकल्प थे, जिनमें से पंत और सैमसन को चुना गया। पंत ने दिसंबर 2022 के भयावह कार हादसे के बाद वापसी करते हुए आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं, सैमसन ने आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए बतौर बल्लेबाज और कप्तान अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने चयन की दौड़ में केएल राहुल और ईशान किशन को पछाड़ा।

हरफनमौला हार्दिक पंड्या को आईपीएल में खराब फॉर्म के बावजूद उपकप्तान बनाया गया है। बोर्ड के एक सूत्र ने कहा, 'सैमसन के चयन पर ज्यादा बहस नहीं हुई, लेकिन हार्दिक को टीम में रखने पर काफी बहस हुई। रिंकू बदकिस्मत रहे। रिंकू, शिवम दुबे और हार्दिक के बीच में से चयन होना था।'

आक्रामक बल्लेबाज शिवम दुबे को चेन्नई सुपर किंग्स के लिए शानदार प्रदर्शन का ईनाम टीम में चयन के रूप में मिला है।

वहीं, आखिरी बार अगस्त 2023 में भारत के लिए खेलने वाले युजवेंद्र चहल को कुलदीप यादव के साथ दूसरे रिस्ट स्पिनर के रूप में रखा गया है।

रवि बिश्नोई भी दौड़ में थे, लेकिन चहल को तरजीह दी गई। स्पिन हरफनमौला रविंद्र जडेजा टीम में हैं, जिनके बैकअप के तौर पर अक्षर पटेल होंगे। तेज गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह के साथ मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह को चुना गया है, जो आईपीएल में फॉर्म में नहीं हैं। आवेश खान और खलील अहमद रिजर्व हैं।

चयनकर्ताओं ने यशस्वी जायसवाल पर भी भरोसा जताया है, जिन्होंने धीमी शुरुआत के बाद आईपीएल में फॉर्म हासिल कर लिया है। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले विराट कोहली शीर्ष क्रम को मजबूती दे रहे हैं।

2 जून से आगाज रू विश्व कप अमेरिका और वेस्टइंडीज में 2 जून से शुरू होगा। भारत को 5 जून को न्यूयॉर्क में आयरलैंड से पहला मैच खेलना है।

यह है पूरी भारतीय टीम रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

रिजर्व : शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद, आवेश खान।

# पतंजलि मामले में उत्तराखंड लाइसेंसिंग प्राधिकरण को फटकार



नयी दिल्ली, (एजेंसी) सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड से जुड़े भ्रामक विज्ञापनों के मामले में कार्रवाई न करने के लिए उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण को मंगलवार को फटकार लगायी। प्राधिकरण द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण पर असंतोष जताते हुए जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कहा कि ऐसा लगता है कि लाइसेंसिंग प्राधिकरण शीर्ष न्यायालय का 10 अप्रैल का आदेश मिलने के बाद ही कानून के अनुसार कार्रवाई करने के लिए सक्रिय हुआ। पीठ ने कहा, 'अगर आप सहानुभूति और अनुकंपा चाहते हैं तो अदालत के प्रति ईमानदार रहें3।' न्यायालय ने कहा कि उसकी मुख्य चिंता यह है कि क्या लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने मामले में कानून के अनुसार कार्रवाई की। पीठ ने मामले पर अगली सुनवाई के लिए 14 मई की तारीख तय की। न्यायालय ने इस मामले में 10 अप्रैल को सुनवाई करते हुए निष्क्रियता बरतने के लिए उत्तराखंड के राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण के प्रति कड़ी नाराजगी जताई थी और कहा था कि वह इसे हल्के में नहीं लेगा, क्योंकि ऐसा प्रतीत होता है कि प्राधिकरण ने 'जान-बूझकर' आंखें बंद कर रखी थी।

माफी में सुधार के लिए रामदेव और बालकृष्ण की सराहना

सुप्रीम कोर्ट ने भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड द्वारा समाचार पत्रों में प्रकाशित बिना शर्त सार्वजनिक माफी में 'उल्लेखनीय सुधार' की मंगलवार को सराहना की। जस्टिस अमानउल्लाह ने कहा, 'मैं नहीं जानता कि दूसरा माफीनामा किसकी पड़ताल पर है। इसमें उल्लेखनीय सुधार हुआ है। हम इसकी सराहना करते हैं। अब आखिरकार वे समझ गए। भाषा भी ठीक है।'

# कोविड टीके से दुष्प्रभाव की बात कबूली एस्ट्राजेनेका ने

## जम सकते हैं खून के थक्के, घट सकते हैं प्लेटलेट





लंदन, (एजेंसी) ब्रिटेन स्थित फार्मास्युटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अपने कोविड टीके के दुष्प्रभाव की बात अदालत में स्वीकार की है। कंपनी ने कहा है कि बहुत दुर्लभ मामलों में यह रक्त के थक्के जमा सकता है और प्लेटलेट की संख्या घटा सकता है। लेकिन इसका कारण अज्ञात है। ब्रिटेन के एक अखबार ने अदालती दस्तावेज के हवाले से यह खुलासा किया है। 'द डेली टेलीग्राफ' की रिपोर्ट के अनुसार, यह दस्तावेज लंदन स्थित हाईकोर्ट में 51 याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर मामले में फरवरी में सौंपा गया था।

ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय और एस्ट्राजेनेका के इस टीके का उत्पादन सीरम इंस्टीट्यूट ऑफइंडिया ने भी किया था। यह वही टीका है जिसे भारत में 'कोविशील्ड' कहा जाता है।

हार्ट अटैक का खतरा रू लंदन में वाद दायर करने वालों की ओर से पेश हुए वकीलों ने कहा कि वे या उनके प्रियजन, जिन्होंने एस्ट्राजेनेका टीका लगवाया, उनमें एक दुर्लभ लक्षण पाया गया है, जिसे रक्त का थक्का जमना और प्लेटलेट की कमी (टीटीएस) के रूप में परिभाषित किया गया है। टीटीएस के परिणाम संभवतरू जानलेवा हैं, जिनमें दिल का दौरा पड़ना, मस्तिष्क को नुकसान पहुंचना, फेफड़े में रक्त प्रवाह बाधित होना शामिल हैं। 51 वादियों में शामिल 12 ने अपने प्रियजनों को खो दिया है। उनका प्रतिनिधित्व कर रही लॉ फर्म में साझेदार सारा मूर ने कहा, 'सभी वादियों के पास मृत्यु प्रमाण पत्र या मेडिकल साक्ष्य हैं जो इसकी पुष्टि करते हैं कि टीके के कारण मौत हुई व शरीर को नुकसान पहुंचा।' उन्होंने कहा, 'एस्ट्राजेनेका को यह स्वीकार करने में एक साल लग गया कि उसके टीके ने यह नुकसान पहुंचाया, जबकि 2021 के अंत से क्लिनिकल समुदाय में यह तथ्य व्यापक रूप से स्वीकार कर लिया गया था।

**कंपनी का दावा- ब्रिटिश नियामक को दी थी जानकारी**

वादियों का कहना है कि एस्ट्राजेनेका टीका सुरक्षा मानदंडों पर खरा उतरने में नाकाम रहा। हालांकि, एस्ट्राजेनेका ने इन दावों से सख्त इनकार किया है। एस्ट्राजेनेका ने एक बयान में कहा, 'टीके से संबंधित उत्पाद जानकारी अप्रैल 2021 में ब्रिटेन के नियामक की मंजूरी के साथ अद्यतन की गई थी, जिसमें इस संभावना को शामिल किया गया था कि एस्ट्राजेनेका-ऑक्सफोर्ड टीका बहुत ही दुर्लभ मामलों में टीटीएस का कारण बन सकता है। ऐसे में अदालती दस्तावेज में दिया गया संदर्भ कोई नयी चीज नहीं है।'

# कांग्रेस के हुए पूर्व आईपीएस अधिकारी गुरिंदर ढिल्लों



नयी दिल्ली, (एजेंसी) भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी गुरिंदर सिंह ढिल्लों मंगलवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। हाल ही में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले ढिल्लों का कांग्रेस के पंजाब प्रभारी देवेंद्र यादव ने पार्टी में स्वागत किया। यादव ने कहा कि ढिल्लों कांग्रेस और राहुल गांधी की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी के साथ जुड़े हैं। ढिल्लों ने कांग्रेस नेतृत्व का आभार जताया और कहा कि वह राहुल गांधी से प्रभावित हैं।

ढिल्लों ने कहा, 'मैंने एक पुलिस अधिकारी के रूप में लगभग दो दशकों तक अपने राज्य पंजाब की सेवा की है3 मैं राहुल गांधी से अपनी ड्यूटी के दौरान दो बार मिला। पहली बार मुलाकात भारत जोड़ो यात्रा के समय हुई और दूसरी बार उस वक्त मिला जब वह सेवा के लिए स्वर्ण मंदिर गए थे।' पूर्व आईपीएस अधिकारी ने कहा कि कांग्रेस उन्हें जो भी जिम्मेदारी देगी, वह पूरे समर्पण के साथ उसका निर्वहन करेंगे। 1997 बैच के आईपीएस अधिकारी ढिल्लों ने तीन दशक से अधिक समय की सेवा के बाद पिछले दिनों स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली। सेवा से विदा लेने के समय ढिल्लों पंजाब पुलिस में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) के रूप में कार्यरत थे।


# देवेंद्र यादव दिल्ली कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त



नयी दिल्ली, (एजेंसी) कांग्रेस ने मंगलवार को देवेंद्र यादव को अपनी दिल्ली इकाई का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया। अरविंदर सिंह लवली के प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद यादव की नियुक्ति की गई है। पूर्व विधायक यादव मौजूदा समय में पंजाब के प्रभारी भी हैं। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने देवेंद्र यादव को तत्काल प्रभाव से दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया और वह पार्टी के पंजाब प्रभारी की जिम्मेदारी भी निभाते रहेंगे। गौर हो कि लवली के इस्तीफे से कुछ दिन पहले बाबरिया के साथ विवाद के बाद दिल्ली के पूर्व मंत्री और एआईसीसी सदस्य राजकुमार चौहान ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। शीला दीक्षित की सरकार में मंत्री रहे लवली को पिछले साल अगस्त में दिल्ली कांग्रेस प्रमुख नियुक्त किया गया था।

जनरल के. सुंदरजी स्मृति व्याख्यान

# राष्ट्रीय सुरक्षा नीति की आवश्यकता : वोहरा





नयी दिल्ली, (एजेंसी) जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल एनएन वोहरा ने एक राष्ट्रीय सुरक्षा नीति की वकालत की है, जिसमें सुरक्षा ढांचे के सभी घटक हों। इसमें यह स्पष्ट होना चाहिये कि प्रत्येक घटक परस्पर कैसे जुड़ सकता है, कमांड संरचना क्या होगी, कौन जवाबदेह है और आकस्मिकता के मामले में प्रतिक्रिया क्या होगी।

वह मंगलवार को भारतीय सेना के मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री सेंटर एंड स्कूल और सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज द्वारा आयोजित चौथे जनरल के. सुंदरजी स्मृति व्याख्यान में बोल रहे थे। वोहरा ने कहा कि जनरल सुंदरजी ने 1980 के दशक में इस पर कुछ लिखा था, लेकिन सरकारों ने कभी भी ऐसी नीति रखना प्रासंगिक नहीं समझा। कारगिल समीक्षा समिति का हिस्सा रहे वोहरा ने कहा कि समिति ने ऐसे अधिकारियों का एक समूह बनाने का सुझाव दिया था जो अपना पूरा जीवन रक्षा, गृह मामले, विदेश मामले या खुफिया एजेंसियों जैसे सुरक्षा संबंधी मंत्रालयों में बिताएंगे।

रक्षा सचिव (मार्च 1990 से अप्रैल 1993) सहित आठ वर्षों तक रक्षा मंत्रालय में सेवा दे चुके वोहरा ने कहा, 'जनरल सुंदरजी सेना के दूरदर्शी अधिकारियों में से एक थे।' जनरल सुंदरजी ने सेना प्रमुख (1986-1988) के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान 'ब्रासस्टैक्स' एक्सरसाइज करवाई, युद्ध लड़ने में कमियों के बारे में बात की और सेना मैनुअल को फिर से लिखा।

वोहरा ने कहा, चार साल पहले वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीनी आक्रमण के बाद शत्रुतापूर्ण गतिविधियों का दबाव बना रहा। सशस्त्र बलों के इतिहास पर वोहरा ने कहा कि मुझे कोई कारण नहीं दिखता कि 1962 के भारत-चीन युद्ध पर आधारित 'हेंडरसन ब्रोक्स रिपोर्ट' को सभी प्रशिक्षण अकादमियों को क्यों नहीं भेजा जा सकता। उन्होंने कहा, ऑपरेशनल कमांड्स की संख्या कम करने में कोई जल्दबाजी नहीं होनी चाहिए (मौजूदा 17 कमांडों से), चीफ ऑफडिफेंस स्टाफको अपना समय लेना चाहिए।

केंद्रीय गृह सचिव (अप्रैल 1993 से मई 1994) के रूप में भी काम कर चुके वोहरा ने देश की 'पुरानी समस्याओं' का उल्लेख किया। उत्तर-पूर्व में जातीय झड़पें देखी जा रही हैं, इनमें से कुछ 1947 से पहले की हैं और कुछ विदेशी एजेंसियों द्वारा समर्थित हैं। दूसरा, खालिस्तान की मांग को पाकिस्तान द्वारा बढ़ावा दिया जाना है। वोहरा ने चेतावनी दी, 'आंदोलन खत्म नहीं हुआ है', समूह विध्वंसक प्रचार कर रहे हैं। पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा दिया। ड्रग्स और हथियारों की तस्करी, नकली मुद्रा, अवैध इमिग्रेशन अन्य समस्याओं में से हैं। गृह मंत्रालय को सभी गैर-सुरक्षा कर्तव्यों को त्यागने और पूरे देश में सुरक्षा के लिए नोडल प्राधिकरण बनने की आवश्यकता है। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को चुनाव ड्यूटी के लिए नहीं बुलाया जाना चाहिए। वोहरा ने चेतावनी देते हुए कहा कि सेना के लिए लंबे समय तक आंतरिक सुरक्षा कर्तव्यों से सैनिकों का चरित्र बदल रहा है। सेना को केवल तभी हस्तक्षेप करना चाहिए जब विदेश समर्थित विद्रोह को बढ़ावा दिया जा रहा हो।





सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने जनरल सुंदरजी की दूरदर्शिता को रेखांकित किया। उन्होंने युद्धक्षेत्र के डिजिटलीकरण, सूचना युद्ध, प्रौद्योगिकी समावेशन, पारंपरिक रणनीतियों और बल संरचना के क्षेत्र में उनके दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला, जो उनके 'विजन 2100' में परिलक्षित होता है। सेना के पूर्व उप प्रमुख और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रत साहा (सेवानिवृत्त) ने 'भारत के सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण रू जनरल के. सुंदरजी से सबक' विषय पर व्याख्यान दिया।

कांग्रेस ने खेला बीसी-ए कार्ड

# गुरुग्राम में राव इंद्रजीत को चुनौती देंगे राज बब्बर





नई दिल्ली। कांग्रेस ने गुरुग्राम लोकसभा सीट पर चुनावी मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। पार्टी ने मंगलवार को अभिनेता व अपने वरिष्ठ नेता राज बब्बर को इस सीट से प्रत्याशी घोषित कर दिया। गुरुग्राम के प्रत्याशी को लेकर पिछले कई दिनों से पेच फंसा हुआ था। राज बब्बर का मुकाबला अहीरवाल के प्रभावशाली नेता केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से होगा।

पूर्व सीएम और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सिफारिश पर पार्टी नेतृत्व ने राज बब्बर के नाम को हरी झंडी दी है। हुड्डा और राज बब्बर के बीच पुराने दोस्ताना संबंध हैं। इस सीट से 2019 में लोकसभा चुनाव लड़ चुके पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव की कोशिशें इस बार कामयाब नहीं हो पाईं। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के आगरा के रहने वाले राज बब्बर तीन बार लोकसभा और दो बार राज्यसभा सदस्य रहे हैं। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष भी रहे हैं। वह 1989 में वीपी सिंह के नेतृत्व में जनता दल में शामिल हुए थे। इसके बाद समाजवादी पार्टी में भी लंबे समय तक सक्रिय रहे, लेकिन 2006 में सपा ने उन्हें निष्कासित कर दिया था। साल 2008 से वह कांग्रेस में हैं।

इस बार हरियाणा में कांग्रेस ने प्रत्याशियों के चयन में सोशल इंजीनियरिंग को अपनाया है। बीसी-बी यानी पिछड़ा वर्ग की बी कैटेगरी के दो नेताओंदृ फरीदाबाद से महेंद्र प्रताप सिंह (गुर्जर) और भिवानी-महेंद्रगढ़ से महेंद्रगढ़ के विधायक राव दान सिंह (यादव) को टिकट दिया जा चुका है। बीसी-ए यानी पिछड़ा वर्ग की ए कैटेगरी को साधते हुए कांग्रेस ने राज बब्बर को गुरुग्राम से टिकट दिया है। वह सुनार जाति से आते हैं। उन्हें पंजाबी सुनार भी कहा जाता है। उनकी पत्नी मुस्लिम हैं। गुरुग्राम के अंतर्गत मेवात जिलो के मेव बाहुल्य तीन विधानसभा क्षेत्रदृ नूंह, पुन्हाना और फिरोजपुर-झिरका भी आते हैं। ऐसे में कांग्रेस ने कई वर्गों को साधने की कोशिश की है।

राज का मुकाबला अहीरवाल के 'राजा' से

गुरुग्राम में राज बब्बर की राहें इतनी आसान भी नहीं हैं। उनके सामने भाजपा के राव इंद्रजीत सिंह हैं, जिन्हें इलाके के लोग 'राजा साहब' कहकर भी बुलाते हैं। वह 2009 से लगातार गुरुग्राम से सांसद बनते आ रहे हैं। इस सीट पर वह जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। इससे पहले 2004 में उन्होंने महेंद्रगढ़ से जीत हासिल की थी। साल 2004 और 2009 के चुनाव में वे कांग्रेस के टिकट पर जीते थे। भाजपा के टिकट पर गुरुग्राम से उनका लगातार तीसरा चुनाव है।

# समुद्र में युद्ध जीतने को रहना होगा तैयार :एडमिरल त्रिपाठी



नयी दिल्ली (एजेंसी) एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने नौसेना के 26वें प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद मंगलवार को कहा कि भारतीय नौसेना को समुद्र में तथा समुद्र से युद्ध जीतने के लिए तैयार रहना होगा। संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ एडमिरल त्रिपाठी ने आर हरि कुमार के सेवानिवृत्त होने के बाद यह जिम्मेदारी संभाली है। एडमिरल त्रिपाठी ने ऐसे समय में नौसेना प्रमुख की जिम्मेदारी संभाली है जब लाल सागर और अदन की खाड़ी समेत अनेक रणनीतिक जलमार्गों पर सुरक्षा चुनौतियां पैदा हुई हैं जिनमें क्षेत्र में हूती उग्रवादियों द्वारा विभिन्न कारोबारी जहाजों को निशाना बनाया जाना शामिल है।

मां का आशीर्वाद लिया

एडमिरल त्रिपाठी ने नौसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने से पहले राष्ट्रीय समर स्मारक पर देश के शहीद नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्हें रायसीना हिल्स के साउथ ब्लॉक के प्रांगण में गार्ड ऑफऑनर दिया गया। एडमिरल त्रिपाठी ने नौसेना प्रमुख के रूप में प्रभार संभालने से पहले अपनी मां रजनी त्रिपाठी का आशीर्वाद लिया।

## एक नजर..

# अभिमन्यु गुप्ता को भेंट की डाक विभाग ने राम जन्मभूमि स्मारिका



युरेशिया संवाददाता

बागपत। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष जिला रेड क्रॉस समिति के सचिव लायन अभिमन्यु गुप्ता को सुपरिंटेंडेंट ऑफपोस्ट ऑफिस बागपत के बी एल मीना ने अजय कुमार जैन के माध्यम से श्री राम जन्मभूमि स्मारिका को उनके प्रतिष्ठान अग्रवाल मंडी टटीरी में स प्रेम भेट की भगवान श्रीराम की जन्मभूमि स्मारिका पाकर अभिमन्यु गुप्ता ने अपने को सौभाग्यशाली मानते हुए डाक विभाग का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर अनेक व्यापारियों ने अभिमन्यु गुप्ता को बधाई दी बधाई देने वालों में जिला महामंत्री पंकज गुप्ता जिला महामंत्री हंसराज गुप्ता जिला कोषाध्यक्ष ईश्वर दयाल अग्रवाल बागपत नगर अध्यक्ष मनोज गोयल अमीनगर सराय अध्यक्ष राकेश बंसल युवा जिला अध्यक्ष संजय गर्ग सहित अनेक व्यापारियों ने अभिमन्यु गुप्ता को बधाई दी।

# गर्मी में खान-पान का रखे विशेष ध्यान : डॉ रामकुमार शर्मा









विपुल जैन / युरेशिया

बागपत। गर्मी बढ़ने के साथ-साथ लोग तरह-तरह की बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। अस्पतालों में हर रोज मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। सबसे ज्यादा मरीज खांसी, जुकाम, बुखार, उल्टी-दस्त व एलर्जी के आ रहे हैं। इन सबको लेकर हमने बागपत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधिकारी डॉ रामकुमार शर्मा से बात की।

डॉ रामकुमार शर्मा ने बताया कि गर्मी के दिनों में वातावरण में कई प्रकार के वैक्टीरिया जन्म ले लेते है, जो किसी ना किसी रूप में हमारे शरीर के अन्दर प्रवेश कर हमें बीमार कर देते है। इसको लेकर विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। खासकर खानपान में विशेष शुद्धि बरतने की जरूरत है। आस-पास का वातावरण भी काफी साफ-स्वच्छ रहना चाहिए। कूलर में पानी बदलते रहना चाहिए। यदि आस-पास कही पर पानी इकट्ठा हो तो उसमें दो ढक्कन मिट्टी का तेल डाल देना चाहिए, इससे उस पानी में मक्खी व मच्छर नहीं पनपेंगे। खाने में हल्का व सुपाच्य भोजन खाना चाहिए। फास्ट-फूड आइटमों से बचना चाहिए। खाने में ज्यादातर हरी सब्जियां, मौसमी फल, दूध, दही व मट्ठे का प्रयोग करना चाहिए। शरीर में चुस्ती-फुर्ती रखने के लिए सुबह उठकर योग करना भी बहुत ही आवश्यक है।

# मुकदमे का भय दिखा कर समझौता कराता है थाने का दीवान




युरेशिया संवाददाता

(अंबेडकर नगर) ।सम्मनपुर थाने में पीड़ितों के साथ न्याय नहीं हो रहा है। यहां दोषियों को दंडित करने के बजाय पीड़ितों को ही डराया धमकाया जाता है। और मुकदमे का भय दिखाकर समझौते का दबाव बनाया जाता है। समझौता न मानने वालों को थाने पर बैठा कर डांट फटकार लगाई जाती है। पुलिस की कार्यशैली से परेशान होकर पीड़ित उच्चाधिकारियों की चौखट नापने को विवश है।

सुलेमपुर की बिंदू ने स्वयं सहायता समूह के माध्यम से कुछ पैसे उठाए थे। जिसकी किस्त हर सप्ताह व लगातार जमा कर रही थी। इधर कुछ महीने से पति बेरोजगार बैठे हैं जिससे कमाई ना होने के चलते दो किस्त जमा नहीं कर सकी तो स्वयं सहायता की महिला मेट व तीन - चार कर्मचारियों ने बिंदू के घर पर चढ़ कर गाली गलौज की पैसा जमा करने का दबाव बनाया विरोध पर हाथापाई की गई। बिंदु और उसकी पुत्री को मारा पीटा गया। मोबाइल भी छीन लिया गया। हालाकि बाद में उसमें से वीडियो डिलीट करने के बाद मोबाइल दे दिया गया।

पीड़ित की तहरीर पर सम्मनपुर पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने पर बुलाया। थानाध्यक्ष चुनाव नामांकन में ड्यूटी पर गए थे। यहां पर पीड़ित के साथ न्याय के बजाय थाने के दीवान के. के सिंह ने पीड़ित को ही दोषी ठहराते हुए मुकदमे का भय दिखा कर समझौते का दबाव बनाया। पुलिस की कार्य शैली से परेशान और निराश होकर पीड़ित मायूस होकर थाने से वापस चले गए। पीड़ित ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर पूरे मामले से अवगत कराया और न्याय की मांग की। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने मामले में थानाध्यक्ष को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# बागपत शुगर मिल में संचालित बाल विद्यालय जूनियर हाई स्कूल व जिला सहकारी बैंक का किया निरीक्षण

### पंजीकृत 70 विद्यार्थियों में से मात्र 30 विद्यार्थी आए विद्यालय, सात अध्यापकों में से एक अध्यापक उपस्थित
### जिला सहकारी बैंक की जर्जर स्थिति को देखकर जिलाधिकारी ने की नाराजगी व्यक्त सुधार करने के दिए निर्देश



युरेशिया संवाददाता

बागपत । जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बागपत शुगर मिल परिसर में संचालित आज बाल विद्यालय जूनियर हाई स्कूल शुगर मिल्स बागपत का निरीक्षण किया यह विद्यालय बागपत शुगर मिल में रहने वाले व कॉलोनी के आसपास के व्यक्तियों के बच्चे इस विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते हैं जिसके क्रम में बाल विद्यालय जूनियर हाई स्कूल में 70 बच्चे पंजीकृत हैं जिसमें से 30 विद्यार्थी उपस्थित पाए गए जिनका शिक्षण कार्य देने के लिए 7 अध्यापक कार्यरत है जिनमें से प्रधानाचार्या निरीक्षण के समय उपस्थित मिली जिलाधिकारी ने निर्देश दिए की प्रतिदिन विद्यार्थी विद्यालय में पढ़ाई के लिए आए और संख्या अधिक बढ़ाई जाए जिसका संचालन बागपत शुगर मिल द्वारा किया जाता है उन्होंने कहा कि इसमें कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।

बागपत शुगर मिल परिसर में संचालित जिला सहकारी बैंक चीनी मिल बागपत का भी जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया जिसमें 2200 खातेदारो के खाते हैं भवन की जर्जर स्थिति और शौचालय की अत्यधिक खराब स्थिति को देखकर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और इसमें सुधार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि बैंक प्रबंधक व बागपत शुगर मिल के संचालक की जवाब दे ही होगी किसी कोई अप्रिय घटना होती है उससे पहले इस कार्य को तत्काल ठीक कर लिया जाए उन्होंने शौचालय की अत्यधिक खराब स्थिति को देखकर कड़ी नाराजगी व्यक्ति और उसे तत्काल ठीक कराए जाने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि बैंक में 2200 से अधिक खातेदारों के खाते हैं उन्हें मूलभूत सुविधाएं अवश्य उपलब्ध कराई जाएं।

उन्होंने कहा शौचालय पानी प्रकाश व्यवस्था मैं कोई लापरवाही ना हो।

जिलाधिकारी ने जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय के कार्यालय का भी औचक निरीक्षण किया जिसमें जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय में उपस्थित मिले उन्होंने उपस्थिति पंजिका देखी उन्होंने निर्देश दिए की निर्वाचन के बाद सभी कर्मचारी अपने कार्यालय में जो अपने पूर्व में दायित्व उन दायित्व के आधार पर कार्य करें कोई बिना अनुमति लिए कार्यालय से गायब न रहे। इस अवसर पर बागपत शुगर मिल प्रधान प्रबंधक वीपी पांडे, जिला गन्ना अधिकारी अनिल भारती उपस्थित रहे।

# चुनाव मेंशांतिपूर्ण व्यवस्था एवं सहयोग के लिए पुलिस प्रशासन को किया सम्मानित



नीलकंठ/युरेशिया

बड़ौत। नगर के उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पंजीकृत उत्तर प्रदेश बड़ौत बागपत ने मंगलवार को पुलिस प्रशासन के द्वारा शांतिपूर्ण एवं ईमानदारी से चुनाव व्यवस्था को कराने एवं व्यापारियों के सहयोग के लिए क्षेत्राधिकारी बड़ौत सविरत्न गौतम, नगर कोतवाल संजय कुमार शर्मा, बडौत क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम श्री श्वेतांबर जैन स्थानक नेहरू मूर्ति बड़ौत में किया गया।जिसमें उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पंजीकृत उत्तर प्रदेश बागपत के जिला अध्यक्ष अरुण तोमर उर्फ बॉबी, नगर अध्यक्ष मुदित जैन, जिला महामंत्री नवनीत जैन, संगठन महामंत्री संदीप गर्ग टीटू प्रधान, जिला कोषाध्यक्ष संजीव जैन, नगर कोषाध्यक्ष नीरज गुप्ता, महानगर चेयरमैन अंकित जैन डब्बू एवं जैन समाज से शहर समाज के अध्यक्ष लाला घसीटूमल जैन, मंत्री संजय जैन, प्रोफेसर आरपी जैन, डीके जैन, अशोक जैन, अमित जैन भट्टे वाले, मूंदर जैन, संजय जैन एवं अग्रवाल समाज के अध्यक्ष प्रतिनिधि संजय कुमार गर्ग, वरदान जैन, प्रभात जैन सर्राफ, सचिन जैन, शरद जैन, नवीन जैन, अनिल जैन, संदीप जैन मोनू, अनुज जैन, निशांत जैन, नितिन गोस्वामी, विकास जैन, सौरभ जैन, वैभव जैन आदि सम्मानित पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# 1 मई से 10मई तक तहसीलों में विरासत में नाम दर्ज कराए जाने के लिए जिलाधिकारी ने चलाया विशेष अभियान

### विरासत की खतौनी में नाम हो दर्ज, 10 मई के बाद जिलाधिकारी करेंगे समीक्षा
### जिन गांवों के विरासत का प्रकरण जीरो दर्शाया जाएगा उन गांव का एसडीएम तहसीलदार करेंगे 5-5 गांव का सत्यापन



युरेशिया संवाददाता

बागपत। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में अब तहसीलों में 1 मई से 10 मई तक विरासत खतौनी दर्ज अभियान कार्यक्रम चलाया जाएगा जिनकी विरासत खतौनी में दर्ज नहीं हुई है उनके नाम दर्ज कराए जाने के लिए यह विशेष अभियान चलाया जाएगा जिसकी जिलाधिकारी द्वारा 10 मई के बाद समीक्षा की जाएगी जिलाधिकारी ने समस्त तहसीलदार, एसडीएम को यह भी निर्देश दिए हैं कि जिन तहसीलों में कोई मामला दर्ज नहीं है इसकी सूचना भी भरेंगे जिन गांवों में विरासत का प्रकरण शून्य होगा ऐसे गांव का 10 मई से 14 मई के मध्य तहसीलदार, एसडीएम प्रत्येक पांच-पांच गांव का सत्यापन करेंगे नायब तहसीलदार 10 गांव का सत्यापन करेंगे और कानूनगो अपना संपूर्ण क्षेत्र का सत्यापन करेंगे। उसके बाद 15 में को कितने गांव दर्ज किए गए जिलाधिकारी संबंध राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे।

जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग की टीम को सख्त निर्देश दिए है कि निर्विवाद स्थिति में मृतक के परिजन का नाम खतौनी में 10 दिन के अंदर दर्ज हो जाना चाहिए जिससे कि किसी को खतौनी का नाम चढ़ाए जाने के लिए परेशान नहीं होना पड़े उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि लेखपाल गांव में पैनी नजर बनाए रखें जिसका जो मामला है उसे त्वरित गति से नियम संगत दर्ज करें जिससे कि आम जनमानस को समस्या ना हो और तहसील के अधिकारी अच्छा सुपर विजन करते रहें।

# संचारी में खराब स्थिति वाले विभागों को जिलाधिकारी ने किया सचेत



युरेशिया संवाददाता

बागपत । जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने आज विकास भवन सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के प्रथम चरण में संबंधित विभागों द्वारा संचालित गतिविधियोंध्कियाकलापों की अन्तर्विभागीय समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जिला अधिकारी ने कहा संचारी रोग नियंत्रण अभियान में जिन विकास करो कि और संबंधित विभागों की स्थिति खराब है वे 7 मई तक इस स्थिति में आवश्यक सुधार कर लें उन्होंने कहा संचारी अभियान गांव में मच्छर ना हो फॉगिंग कराई जाए एंटी लारवा छिड़काव किया जाए पानी का जमाव नहीं होना चाहिए नालियों की साफसफाई हो गंदगी ना दिखाई दे।

### 7 मई तक जनपद में चलाएगा जाएगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान
### हीट वेव से बचने के लिए क्या करें क्या ना करें कि संबंध में जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से की अपील
### सम्भावित भीषण गर्मी/लू के दृष्टिगत क्या करें,/क्या न करें

ग्रीष्म ऋतु में भीषण गर्मी/लू/हीट वेव के कारण जनता को स्वास्थ्य जनित समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आवश्यक है कि इनसे बचते हुए अधिकाधिक संख्या में क्या करें क्या न करे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि लू के लक्षण से चक्कर आना, बेहोश हो जाना ,स्क्रीन का रफहोना, प्यास ज्यादा लगा, बीपी कम हो जाना आदि है, हल्के सूती वस्त्रों का प्रयोग करें एव अपने साथ तेज धूप से बचाव हेतु छाता एवं सर को ढकने के लिए सफेद सूती गमछा या अन्य कोई कपड़ा रखें। पैरों में आरामदायक जूते या चप्पल पहनें। अपने साथ पीने योग्य शीतल जल का बोतल रखें, समय-समय पर आवश्यकतानुसार सादा जल, नींबू पानी या ओआरएस का प्रयोग कर अपने आपको तरो ताजा रखें। तेज धूप से बचने हेतु अन्य चतवजमबजपअम हमंत टोपी, हैट, काला चश्मा, छाता आदि का प्रयोग करें। अत्यधिक चाय, कॉफी या कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक का सेवन न करें, इनसे शरीर में पानी की मात्रा कम होने की संभावना रहती है। बासी भोजन से बचें, हल्के एवं ताजे बने भोजन लें।

जिलाधिकारी ने कहा पानी का ज्यादा से ज्यादा पिए उन्होंने जल निगम को और पंचायत राज विभाग को निर्देश दिए कि स्कूलों में जो हैंडपंप खराब हैं वे तत्काल ठीक हो जाए प्रत्येक स्कूल में ओआरएस के पैकेट अवश्य रखें होने चाहिए संचारी के साथ को जागरूकता अभियान भी चलाया जाए उन्होंने समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व जिला अस्पताल को निर्देशित किया कि कोल्ड रूम बनाए जाएं जिला अस्पताल में 10 बेड ,कोल्ड रूम में आरक्षित किए जाएं और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चार-चार बैड कोल्ड जैस्म में आरक्षित किए जाएं और इन सभी पर ओआरएस जिंक कॉर्नर भी बनाए जाएं।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर महावीर सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एस के चौधरी जिला विकास अधिकारी हरेंद्र सिंह समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक ,पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट डॉक्टर सरूची शर्मा सहित मलेरिया विभाग के आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

# छपरौली में डबल मर्डर से फैली सनसनी, सास बहू की गला रेतकर की हत्या





### मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी मौजूद।

युरेशिया संवाददाता

छपरौली। क्षेत्र में मंगलवार को सास बहु के डबल मर्डर से सनसनी फैल गयी। घटना की जानकारी मिलते पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।वहीं घटना में परिजनों की संलिप्तता बताई जा रही है। छपरौली के हलालपुर गांव में मंगलवार की शाम को अज्ञात हत्यारो के द्वारा सास-बहु की गला रेतकर बड़े ही दर्दनाक तरीके से हत्या कर दी गयी। घटना की जानकारी मिलते ही थाना छपरौली पुलिस और आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से मुआयना कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने जानकारी देते हुए बताया की उन्हें शाम 4 बजे हलालपुर में सास-बहु के डबल मर्डर की सूचना मिली। जिसमे सास सरोज आयु 58 वर्ष और बहु वर्षा आयु 28 वर्ष की गला रेतकर दर्दनाक तरीके से हत्या की गयी थी। उन्होंने कहा की उन्हें घटनास्थल से अहम सुराग मिले है जिनके आधार पर घटना की तफ्तीश शुरू कर दी गयी है। मामले में मृतक का पुत्र मनीष भी संदिग्ध अवस्था में घायल मिला जिसे हिरासत में लेकर प्राथमिक उपचार देकर पूछताछ की जाएगी।

# समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी लाल जी वर्मा ने दो सेट में किया नामांकन



### टांडा विधायक राममूर्ति वर्मा ने कहा सपा प्रत्याशी को मिल रहा है जनता का अपार समर्थन

शबीह अब्बास/ युरेशिया

अम्बेडकरनगर। इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी लालजी वर्मा ने मंगलवार को दो सेट में नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। उमस भरी गर्मी के बावजूद भी समाजवादियों के हौसले बुलंद दिखाई दिए। सपा प्रत्याशी लाल जी वर्मा ने टांडा विधायक राममूर्ति वर्मा, अकबरपुर विधायक राम अचल राजभर, पूर्व एमएलसी हीरालाल यादव, बुनकर नेता हाजी अशफाक अहमद अंसारी के साथ नामांकन प्रपत्र जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह को दो सेट में सोपा। नामांकन प्रपत्र दाखिल करने के मौके पर समाजवादी पार्टी ने कटारिया याकूब में कार्यकर्ता सम्मेलन भी आयोजित किया। कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रमुख नेताओं में सपा प्रत्यासी लाल जी वर्मा, टांडा विधायक राममूर्ति वर्मा, पूर्व एमएलसी हीरालाल यादव, पूर्व एमएलसी विशाल वर्मा, युवजन सभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद ऐबाद, अकबरपुर विधायक राम अचल राजभर, मो , सईम, संदीप वर्मा, जिला अध्यक्ष जंग बहादुर यादव, जिला महासचिव मुजीब अहमद, सोनू, राजेश सिंह और सभी प्रमुख नेताओं ने संबोधित किया। कार्यकर्ता सम्मेलन में आए धनीराम वर्मा ने कहा भीषण गर्मी के बावजूद भी कार्यकर्ताओं के हौसले बुलंद हैं आगे भी बुलंद रहेंगे।

# सपा लोकसभा प्रत्याशी लालजी वर्मा ने किया नामांकन बीजेपी पर लगाया बड़ा आरोप



आलम जैदी / युरेशिया

अम्बेडकरनगर ।समाजवादी पार्टी के लोक सभा उम्मीदवार लालजी वर्मा ने स्वर्गीय जयराम वर्मा की मूर्ती पर माल्यार्पण किया और अकबरपुर लोहिया भवन में लोहिया जी की मूर्ती पर माल्यार्पण किया और कलेक्ट्रैट पहुंच कर नामांकन दाखिल किया। माल्यार्पण में सपा के वरिष्ठ नेता मुलायम युथ ब्रिगेड के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद ऐबाद, जिला अध्यक्ष जंगबहादुर यादव, जिला महासचिव मुजीब अहमद सोनू, पूर्व एमएलसी हीरालाल यादव, लालजी वर्मा ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा बीजेपी वाले नही चाहते है हमारा नामांकन हो 28 अप्रैल को दिल्ली पुलिस ने मेरे खिलाफमुकदमा दर्ज किया और 29 अप्रैल को रात्रि 11.30 बजे पुलिस घर पर पहुंच गई बीजेपी के लोग चाहते थे की मैं नामंकन न कर सकू मगर यहां की जानता ने इंडिया गठबंधन को वोट करने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि ?इसका जवाब जनता देगी लालजी वर्मा कटेहरी से मौजूदा विधायक है और सपा के राष्ट्रीय महासचिव हैं लालजी वर्मा ने कहा सूरत और इंदौर वाला काम बीजेपी के लोग यहां दोहराना चाहते थे। नामांकन करने कलेक्ट्रेट में टांडा विधायक राम मूर्ति वर्मा, अकबरपुर विधायक राम अचल राजभर, पूर्व एमएलसी हीरालाल यादव, हाजी अशफाक, वही नामांकन दाखिल करने के बाद सभी नेता कटारिया बाग पहुंचे जहा सभा को सम्बोधित किया बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा किसान नौजवान, महीला युवा सभी परेशान हैं बेरोजगारी एक बड़ा मुद्दा है, इन्डिया गठबन्धन की सरकार बनने पर किसानो का कर्जा माफहोगा बीजेपी के लोग संविधान बदलना चाहते हैं। इस दौरान मुख्य रूप से युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद साईम, अरमान किदवई विधान सभा अध्यक्ष टांडा, ब्लॉक अध्यक्ष जलालपुर संदीप वर्मा, आरिफमेहंदी पुत्र स्वर्गीय जुर्गाम मेहंदी, अब्बास राजा, धनीराम वर्मा, प्रधान नीरज कुमार,, सौरभ पटेल, सुफ्यान अहमद, नूरआलम, अंकुश पटेल, अंकित यादव, अंकित वर्मा , निखिल जायसवाल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर..

### पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक युवक किया गिरफ्तार




भवानी सैनी/युरेशिया

बेहट(सहारनपुर) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली बेहट पुलिस ने एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हैं आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

मंगलवार को बेहट पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जसमोर रोड पर स्थित बेलका पावर हाउस के निकट से एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने पकड़े गए युवक का नाम जहांगीर उर्फफरीद पुत्र अब्दुल खालिद निवासी मोहल्ला सड़क पार कस्बा व थाना बेहट बताया है। संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए पुलिस द्वारा आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेश शर्मा कहना है कि अपराधों को रोकथाम के लिए अभियान जारी रहेगा। जो भी व्यक्ति ऐसे कार्यों में लिप्त पाया गया, उसके खिलाफकड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### नगर पंचायत द्वारा सड़क सप्ताह पख्वाडा किया आयोजित




नाथी सहल /युरेशिया

चिलकाना । शासन के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के उपलक्ष में फूलबानो अंसारी अध्यक्ष एवं राजीव कुमार अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में रैली निकाल कर जन सामान्य को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करने की अपील की गई। जिसमें मुख्यतः दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के प्रति जागरूक करते हुए यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने हेतु जनसामान्य से अपील की गई। इस अवसर पर अशोक कुमार लिपिक, मो0 नफीस सहायक लिपिक, अब्दुल राजिक एसबीएम प्रभारी, अमित कुमार सफाई नायक एवं नगर पंचायत सुल्तानपुर चिलकाना के समस्त कर्मचारीगण शामिल रहे।

### 315बोर के देशी तमँचे के साथ एक अभियुक्त दबोचा




नाथी सहल/युरेशिया

चिलकाना। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन ताड़ा के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकार सदर के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कपिलदेव के कुशल नेतृत्व मे एक अभियुक्त एजाद पुत्र युसूफनिवासी मौहल्ला मजहर हसन चिलकाना को एक देशी 315 बोर तमँचा व 315बोर के एक जिन्दा कारतूस के साथ कच्चा पक्का दुमझेड़ा रोड से दबोचा,सशस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत हुआ एवं समय से मा0न्यायलय के समक्ष पेश किया जायेगा. गिरफ्तार करने वाली टीम मे उप निरक्षक करन नागर व हे0का0हेमंत सिंह मौजूद रहा ।

### थाना रामपुर मनिहारान पुलिस द्वारा 1 वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार




प्रदीप धीमान /युरेशिया

सहारनपुर। थाना रामपुर मनिहारान पर वादी ने एक लिखित तहरीर बाबत अभियुक्त गौरव पुत्र नेशू निवासी ग्राम सम्भलहेड़ी थाना रामपुर मनिहारान द्वारा उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 127/24 धारा 363 भादंवि पंजीकृत कराया । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 विपिन ताड़ा द्वारा उपरोक्त घटना का तत्काल सज्ञान लेकर अपहृता की सकुशल बरामदगी एवं नामजद वांछित अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाने हेतु सम्बन्धित को आदेश निर्देश दिये गये, जिसके अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक रामपुर मनिहारान के कुशल नेतृत्व मे मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त मे वांछित अभियुक्त गौरव उपरोक्त को दिल्ली सहारनपुर रोड चुन्हैटी अन्डरपास से गिरफ्तार किया एवं अपहृता को सकुशल बरामद किया गया। अभियोग में पीड़िता के धारा 161 सीआरपीसी बयान के आधार धारा 376 भादंवि व 3/4 पोक्सो अधिनियम की वृद्धि की गयी। अभियुक्त के विरूद्ध अन्य विधिक कार्यवाही करते हुए समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उप नि0 आनन्द पाल, म0उ0नि0 रुचि रानी, म0का0 अन्तिम शामिल रहे।

# हिंदू जागरण मंच के द्वारा उप जिलाधिकारी संगीता राघव के नाम सोपा गया ज्ञापन

विकास शर्मा /युरेशिया



नकुड़ । हिंदू जागरण मंच ब्लॉक व नगर नकुड़ जिला सहारनपुर के द्वारा उप जिलाधिकारी संगीता राघव के नाम ज्ञापन सोपा गया

जिनमें मुख्यतः समस्या नशे का कारोबार अतिक्रमण धर्मांतरण है इस विषय में जिला सहसंयोजक चौधरी ब्रजवीर सिंह ने बताया कि धर्म परिवर्तन का कार्य नगर में काफी समय से फलता फूलता नजर आ रहा है यह कार्य ईसाई मिशनरी के द्वारा हिंदू समाज की पिछड़ी हुई निर्धन जनता की मजबूरी का फायदा उठाकर धन का लालच देकर किया जा रहा है नकुड कस्बे के अंदर नशे का कारोबार भी चरम सीमा पर है जिम मुख्यतः शराब चरस अफीम स्मैक नवयुवको मैं फैलता नजर आ रहा है

साथी उन्होंने कहा कि नकुड नगर में सरकारी संपत्ति पर अतिक्रमण फैलता जा रहा है इस और कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है साथ ही उन्होंने कहा कि नगर में सब्जी मंडी की जगह को स्थानांतरण किया जाए जिससे कि सुबह के समय रास्ते वालों को परेशानी ना हो ज्ञापन के समय मौजूद रहे चौधरी ब्रजवीर सिंह विपिन राणा बिजेंदर राणा प्रदीप कुमार सुरेंद्र धीमान डॉ विकास मनोज कुमार राजेश गोयल वेद प्रकाश सैनी आदि हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता मौजूद रहे

# अचानक आग लगने से हजारों का सामान व दो मवेशी जिंदा जले

### घटना से पीड़ित परिवार को हुआ लगभग एक लाख का नुकसान
### ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की प्रशासन से की मांग



भवानी सैनी/युरेशिया

बेहट(सहारनपुर) तहसील बेहट क्षेत्र के गांव कालूवाला पहाड़ीपुर उर्फ जहानपुर मे दो घरों व पशुशाला में अचानक आग लगने से काफी रूप से घरेलू सामान जलकर राख हो गया। जबकि एक गाय व एक भैंस की बूरी तरह झुलस जाने के कारण मौके पर मौत हो गई। जिससे पीड़ित को लगभग एक लाख रुपए की क्षति का अनुमान है। ग्रामीणों ने पीड़ित को आर्थिक सहायता दिये जाने की मांग की है।

घटना मंगलवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे की ही है। गांव कालूवाला पहाड़ीपुर उर्फ जहानपुर निवासी राजवीर व राजकिशोर पुत्रगण पंजाब सिंह के घर व पशुशाला में संदिग्ध रूप से आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया। पशुशाला में बंधी एक गाय व एक भैंस को भी अपने चपेट में ले लिया। जिस कारण बुरी तरह झुलस जाने से दोनों मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। आग की लपटे देखकर दौड़े आए ग्रामीणों ने अन्य मवेशियों को बड़ी मुश्किल से बचाया। इसके अलावा कुछ घरेलू सामान व टीन शेड आदि भी जलकल नष्ट हो गया। ग्रामीणों ने दूर-दूर से पानी ढोकर आग पर बड़ी मुश्किल से काबू पाया। सूचना मिलने पर थाना बिहारीगढ़ पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी की। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। ग्रामीण नितिन चौहान, पूर्व प्रधान नाथीराम चौहान, शिव कुमार, अमित चौहान आदि ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग प्रशासन से की है।

# थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास का 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

### कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 अवैध पिस्टल 32 बोर मय 02 जिंदा कारतूस व 01 स्कूटी बरामद



प्रदीप धीमान /युरेशिया

सहारनपुर। थाना सदर बाजार पर ईश्वरपाल पुत्र मामराज नि0 चान्दनपुर थाना रामपुर मनिहारन मो0न0 9758752997 की सूचना पर थाना सदर बाजार पर मु0अ0स0 231/024 धारा 307/504/506/34/384 भादवि भादवि बाबत 1. नीशू शर्मा पुत्र प्रदीप शर्मा नि0 प्रकाश लोक मुर्गा फार्म के बराबर गली लेबर कालौनी सहारनपुर 2. कर्ण पुत्र राकेश नि0 लक्कड माजरा सर्किट हाउस सहारनपुर द्वारा उसके पुत्र विपिन के साथ पैसे के लेनदेन को लेकर झगडा कर गाली गलौच कर जान से मारने की नियत से गोली मारने को लेकर थाना स्थानीय पर पंजीकृत कराया था। जिसमे अभि0 नीशू शर्मा उपरोक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है जिसके आधार पर अभियोग मे धारा 3/25/27 ए एक्ट की वृद्धि की जा चुकी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 विपिन ताड़ा द्वारा उपरोक्त घटना का संज्ञान लेकर वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु दिशा-निर्देश दिए, जिसके अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त कर्ण पुत्र राकेश नि0 लक्कड माजरा सर्किट हाउस थाना सदर बाजार सहारनपुर को मय दो पिस्टल 32 बोर व दो जिन्दा कारतूस 32 बोर व घटना मे प्रयुक्त एक स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

पुलिस पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्त कर्ण ने बताया कि दिनांक 21.4.2024 को मै अपने दोस्त से यह स्कूटी मागकर लाया था तथा उसी दिन नीशू शर्मा पुत्र प्रदीप शर्मा नि0 प्रकाश लोक मुर्गा फार्म के बराबर गली लेबर कालौनी मेरे घर के पास मिला था और उसने बताया कि मुझे कोई गाली देकर चला गया है तुझे मेरे साथ जे0वी जैन कालेज तक स्कूटी लेकर चलना है नीशू पण्डित के पास दो पिस्टल व एक तमन्चा था नीशू पण्डित ने एक पिस्टल मुझे दे दी थी व एक पिस्टल व एक तमन्चा नीशू के पास था नीशू पण्डित ने कहा था कि मेरे दोनो हाथो मे अस्लाह होगे जब जरूरत पडेगी तो तुम पिस्टल लोड कर देना हम दोनो जैन कालेज पहुँचे तो वहाँ दो लडके मिले जिन्हे नीशू पण्डित जानता था जिनकी कहा सुनी को बढता देख नीशू पण्डित ने अपने हाथ मे ली पिस्टल को मुझसे लोड करने के लिये कहा तो मैने पिस्टल लोड कर नीशू पण्डित को दे दी। नीशू पण्डित ने अपने हाथ मे लिये तमन्चे से विपिन उर्फबन्टी नाम के लडके के उपर फायर कर दिया जिससे उसके पेट मे गोली लग गई हम दोनो स्कूटी से मौके से भाग गये बाद मे रास्ते मे नीशू ने अपने हाथ मे ली हुई पिस्टल भी मुझे दे दी थी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 संतोष कुमार त्यागी, उ0नि0 शंशाक गिरि, है0का0 सचिन चौधरी, है0का0सचिन शर्मा,

# सरदार पटेल स्मारक पी.जी.कॉलेज लारपुर में हुआ मेधावियों बच्चों का सम्मान

### यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्तर प्रदेश और जनपद में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्रों को किया गया सम्मानित




अजीत सिंह /युरेशिया

अम्बेडकरनगर। सरदार पटेल स्मारक पी.जी.कॉलेज लारपुर में मेधावी सम्मान समारोह तथा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विधायक निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता हेतु मानव श्रृंखला,रंगोली प्रतियोगिता तथा मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।इन विभिन्न प्रतियोगिताओं में सरदार पटेल स्मारक इंटर कॉलेज लारपुर तथा सरदार पटेल स्मारक पीजी कॉलेज लारपुर के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक,विशिष्ट अतिथि मंडलीय वित्त एवं लेखा अधिकारी अयोध्या मंडल वीरेश कुमार वर्मा,कार्यक्रम के अध्यक्ष बाबा बरुआ धाम के महंथ श्री देवेंद्र दास,प्रबंधक कमला प्रसाद वर्मा,प्राचार्या डॉ0 कविता श्रीवास्तव, उप प्रबंधक संजीव कुमार वर्मा,राष्ट्रपति पदक प्राप्त पूर्व प्रधानाचार्य डॉ0 राम उजागिर वर्मा तथा सेवानिवृत्ति एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 नंदलाल चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रदेश में छठां तथा जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा सेजल श्रीवास्तव,प्रदेश में सातवां तथा जनपद में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा अंशिका यादव,प्रदेश में आठवां तथा जनपद में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रिया यादव,प्रदेश में नौवां तथा जनपद में चौथा स्थान प्राप्त करने वाले छात्र गौरव प्रताप एवं अंजली वर्मा,आरव चित्रांश सहित कुल 70 छात्र-छात्राओं को मेडल तथा स्मृति चिन्ह के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों से संबंधित कॉलेजों के प्रधानाचार्य संदीप कुमार वर्मा, अशोक कुमार पटेल,डॉ0 अभय मौर्य,शालिक राम वर्मा, हरिवंश यादव,सुशीला वर्मा,बृजेश कुमार गुप्ता आदि को मुख्य अतिथि,विशिष्ट अतिथि तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष द्वारा स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह के अवसर पर विशिष्ट अतिथि वीरेश कुमार वर्मा,डॉ0 राम उजागिर वर्मा आदि ने अपने उद्बोधन के द्वारा विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त करने के टिप्स दिए। कार्यक्रम के अध्यक्ष महंत श्री देवेंद्र दास ने प्रेरक गीत के माध्यम से कर्तव्य बोध की शिक्षा दी।प्रतिभा सम्मान समारोह के अंत में सरदार पटेल स्मारक इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉ0 नंदलाल चौधरी ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ0 राम गुप्ता द्वारा किया गया।इस समारोह में प्राचार्य डॉ0 तारा वर्मा,सुमित्रा देवी,अजीत सिंह,अजय वर्मा,कपिल देव वर्मा,अजय शर्मा,प्रवक्ता रंजीत वर्मा,राकेश वर्मा, सदानंद श्रीवास्तव,उमेश चंद्र वर्मा,डॉ0 संजीव कुमार श्रीवास्तव,ओपी विश्वकर्मा,शिव शंकर वर्मा,लक्ष्मी शंकर चौधरी,राम शीष साहू, धीरेंद्र वर्मा आदि उपस्थित थे।

# दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक किशोर सहित दो की मौत



मोमीन अली/युरेशिया

नागल। स्टेट हाईवे व लाखनोर सीडकी मार्ग पर हुई दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक किशोर सहित दो की मौत हो गई, दोनों के परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पहली घटना सोमवार देर शाम स्टेट हाईवे की है, जहां एक पल्सर सवार ड्यूटी जा रहे एक व्यक्ति को टक्कर मार कर अपनी बाइक छोड़ फरार हो गया।

बढेडी कोली निवासी करीब 62 वर्षीय अमर सिंह पुत्र चौहल करीब 8: 30 बजे अपने छोटे भाई सतपाल के साथ नीलू शर्मा के आवास पर चौकीदारी करने जा रहा था, तभी नागल की ओर से लापरवाही व तेज गति से आ रहे पल्सर बाइक सवार ने सतपाल को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। बाइक सवार अपनी बाईक छोड़कर फरार हो गया। घायलावस्था में सतपाल को सीएचसी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ?

दूसरी घटना मंगलवार सुबह करीब सात बजे सहारनपुर झबरेड़ा मार्ग पर सैदपुरा के निकट हुई जहां एक किशोर की बाईक एक पेड से टकराने से किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी हायर सेंटर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। लाखनौर निवासी तनिश पुत्र अशोक कुमार सैदपुरा से बाइक पर सवार हो घर लौट रहा था, सैदपुरा के निकट एक पेड़ से टकराने से वह गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसे सीएससी में प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भेजा गया जहां से चिकित्सकों ने उसे गंभीर हालत में चंडीगढ़ रैफर कर दिया। चंडीगढ़ जाते समय बीच रास्ते में ही तनिश ने दम तोड़ दिया। तनिश सीडकी स्थित एमएसडी इंटर कॉलेज का कक्षा आठ का छात्र था।

### चकमार्ग की मापतौल का कार्य पूरा

मोमीन अली/युरेशिया

नागल। बीते करीब दस दिनों से रेल गलियारा परियोजना के अधिकारियों व राजस्व कर्मियों द्वारा हाल ही में बनाए गए रेल गलियारे के बराबर में किसानों को दिए जाने वाले करीब 5 किलोमीटर लंबे चकमार्ग की मापतौल पूरी कर ली गई।


मंगलवार को परियोजना के सहायक प्रबंधक राकेश सिंह, सहायक अभियंता दीपन दास, राजस्व कानूनगो विजेंद्र कुमार व लेखपाल गोविंद गुप्ता की टीम द्वारा चकमार्ग की मापतौल कर अंतिम रूप देकर अग्रिम कार्रवाई के लिए भेज दिया। परियोजना सहायक प्रबंधक राकेश सिंह ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर खटोली से लेकर पांडोली फाटक तक करीब 5 किलोमीटर लंबे व 18 फीट चौड़े किसानों को दिए जाने वाले चकमार्ग की मापतौल के कार्य को आज करीब 10 दिनों में पूरा कर अग्रिम कार्रवाई हेतू भेज दिया गया है।

बता दे कि वर्ष 2011 में रेलवे ने रेल गलियारा बनाने को किसानों के चक मार्ग का भी अधिग्रहण कर लिया था, जिसके एवज में किसानों को अपने खेतों में आने जाने को कोई भूमि नहीं दी गई थी, कई बार किसानों के आंदोलन के बाद अब रेल प्रशासन ने किसानों को चक मार्ग दिए जाने को प्रक्रिया शुरू कर दी है, जो अंतिम चरण में है।

### नानौता पुलिस द्वारा शराब तस्कर को देशी शराब सहित किया गया गिरफ्तार

अश्वनी कुमार/युरेशिया

नानौता। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत अपराध नियंत्रण एवं आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व वांछितवारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी गंगोह के निकट पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी अमित कुमार के कुशल नेतृत्व में चौकिंग के दौरान थाना नानौता पुलिस टीम एक शराब तस्कर शिवकुमार पुत्र दीपचन्द निवासी ग्राम अनन्तमऊ थाना नानौता जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त शिवकुमार उपरोक्त के कब्जे से अवैध 20 फ्रूटी देशी शराब बरामद हुई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।




**दैनिक युरेशिया टीम सहारनपुर मंडल**
**समाचार, सूचना, विज्ञापन के लिए संपर्क करें।**

| | |
|---|---|
| मोनु कश्यप (जिला प्रभारी) | मो0: 8630402509 |
| प्रदीप धीमान (मण्डल प्रभारी) | मो0: 9997171951 |
| अरविंद चौहान (गंगोह प्रभारी) | मो0: 9759693305 |
| मणिकांत वत्स (सहारनपुर) | मो0: 9759178755 |
| मोनीन (नागल प्रभारी) | मो0: 9639221277 |
| अश्वनी धीमान (नानौता प्रभारी) | मो0: 9720509609 |
| नाथीराम सहल (चिलकाना प्रभारी) | मो0: 6397074075 |
| भवानी सिंह सैनी (तहसील बेहट प्रभारी) | मो0: 8077518294 |
| विकास शर्मा (तहसील नकुड़ प्रभारी) | मो0: 6396576517 |
| शक्ति चौधरी (सरसावा प्रभारी) | मो0: 9719777268 |
| मनोज कंबोज (बिहारीगढ़ प्रभारी) | मो0: 9675196324 |
| सुनील कुमार सैनी (छुटमलपुर प्रभारी) | मो0: 9758712680 |
| परवीन खानम (अंबेहटा पीर रिपोर्टर) | मो0: 8410360786 |

## एक नजर..

# मेरठ के दम पर यूपी बना रोलबॉल में चौंपियन

युरेशिया संवाददाता




मेरठ। उत्तरप्रदेश ने मेरठ के खिलाड़ियों के दम पर रविवार को 16 वी नेशनल सबजूनियर बालक रोल बॉल चौम्पियनशिप की विजेता ट्रॉफी अपने नाम की !स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाली उत्तर प्रदेश की टीम में मेरठ के दो खिलाड़ी थे। कोच शुभम कश्यप ने बताया कि देहरादून (उत्तराखंड) में 25 से 28 अप्रैल तक 16 वीं राष्ट्रीय सब जू ?नियर रोलबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। रविवार को उत्तरप्रदेश ने सेमीफाइनल में असम को 11-01 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश का सामना राजस्थान की टीम से हुआ। फाइनल मुकाबले में टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए राजस्थान को 09-1 से हराकर स्वर्ण जीता। शौर्य धनखड़ और अकुल अग्रवाल ने महत्तवपूर्ण गोल करके टीम को विजेता बनाया । विजेता टीम को मुख्य अतिथि उत्तराखंड के वन मंत्री सुबोध उनियाल, विशिष्ट अतिथि राजू दाभाड़े ने ट्रॉफी व मेडल प्रदान किया। पदक जीतकर मेरठ पहुंचे खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया।

# एडीएम सिटी की अध्यक्षता में हुई सैनिक बन्धु की बैठक




युरेशिया संवाददाता

मेरठ। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने जनपद मेरठ के भूतपूर्व सैनिकों एंव उनके आश्रितों को सूचित करते हुए बताया कि इस माह की सैनिक बन्धु बैठक बृजेश कुमार अपर-जिलाधिकारी (नगर) की अध्यक्षता में की गई। इस बैठक में जमीन से सम्बंधित 06 और पुलिस से संबंधित 04 शिकायतें रही, भूतपूर्व सैनिक हव0 सुशील कुमार, निवासी-नीमका, मवाना मेरठ का पिछले दो वर्षो से जमीन की डोल बन्दी के आदेश न्यायालय द्वारा होने के बाद भी उनकी समस्या का कोई भी समाधान नही हो पा रहा है। सुशील कुमार को उपजिलाधिकारी से मिलने को कहा गया है। बैठक में प्रकाश अग्रवाल सीओ (कैन्ट), कर्नल डी.एस.वर्मा कर्नल वेटरन्स भी उपस्थित रहे। बैठक के अन्त मे कर्नल राजीव चौहान (आ0प्र0) ने आभार प्रकट करते हुए कहा की भूतपूर्व सैनिक की समस्याओं को गंम्भीरता से लें और प्रशासन से जल्द से जल्द कार्यवाही करने को कहा है।

# हज यात्रियों के टीकाकरण कैम्प के समय में किया गया परिवर्तन-जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मौ0 रूहेल आजम ने बताया कि हज कमेटी ऑफइण्डिया तथा उ0प्र0 राज्य हज समिति द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देश के अनुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष (2024) में हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को मेनिनजाइटिस, सीजनल इन्फ्लूएन्जा वैक्सीन लगाई जा रही है, तथा उन्हें पोलियों प्रतिरक्षण की दवा पिलाई जा रही है, इस हेतु फैज-ए-आम इण्टर कॉलिज, दिल्ली रोड मेरठ में दिनांक 30 अप्रैल 2024 एवं 02 मई 2024, मदरसा हुसैनिया लिसाड़ी रोड मेरठ में दिनांक 04 मई 2024 एवं मदरसा जामिया अरबिया नुरूल इस्लाम शाहपीर गेट में दिनांक 06 मई 2024 को प्रातः 09.00 बजे से सांय 04.00 बजे तक टीकाकरण कैम्प संचालित है।

उन्होंने सभी हज यात्रियों को अवगत कराया कि भीषण गर्मी होने के कारण टीकाकरण के कैम्प के समय में परिवर्तन कर, प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक किया जाता है, दिनांक व स्थान उपरोक्तानुसार ही रहेंगे।

# होजा-इल्मिया बकीयतुल्लाह में मजलिसे बरसी व मेधावी छात्रों के सम्मान समारोह का आयोजन



अजीत सिंह / युरेशिया

अम्बेडकरनगर। बकीयतुल्लाह जलाल पुर में होजा के फाउन्डर मौलाना जाहिद अली हिन्दी ताबा सराह की 12 वीं मजलिसे बरसी आयोजित हुई मजलिस को हुज्जतुल इस्लाम मौलाना मुमताज अली साहब किवला दिल्ली ने खेताब किया मौलाना ने माजलिस को वर्णन करते हुए कहा कि ष्इल्म एक नूर है खुदा जिसके दिल में चाहता है उतार देता है ।मजलिस में अनेक लोगों ने शिरकत की और माहे रमजान में जलाल पुर में कौम के जवानों में दीनी बेदारी लाने के लिए कक्षा का आयोजन किया गया बकीयतुल्लाह की जानिब से आयोजित कक्षा में जलाल पुं व नजदीकी इलाकों के लोगों ने भाग लिया कक्षा मे भाग लाने वाले तमाम छात्रों की परीक्षा हुई जिन छात्रों ने भाग लिया उन सभी छात्रों को बकीयतुल्लाह में पुरुस्कृत किया गया। परीक्षा में कायम मेहदी पुत्र मास्टर साजिद साहब जाफराबाद ने 12 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। जिसको मौलाना मुमताज अली इमामे जुमा इमामिया हाल दिल्ली ने अपने हाथों से पुरुस्कार दिया। प्रोग्राम में मौलाना अली शहाब हिन्दी, मौलाना अशफाक हुसैन प्रिन्सपल, मौलाना कौसर अली, मो0 जफर मारूफी, मो0 अकील अब्बास, मो0 जैगम अब्बास, मौ रमजान अली, मास्टर इसहाक मेहदी डाक्टर शाहिद रजा, मो0 शाबान और नन्हें प्रधान आदि मौजूद थे। प्रोग्राम के अन्त में दस्तर खान लगाया गया और सभी लोगो ने खाना व नजरे मौला नोश फरमाया।

# श.मं.पां. राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में द्वितीय बैठक का आयोजन

युरेशिया संवाददाता



मेरठ मगलवार को शहीद मंगल पांडे राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता निर्धारण प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) की आंतरिक व बाह्य सदस्यों की द्वितीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारम्भ माँ शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर प्राचार्य प्रो (डॉ) अंजू सिंह की अनुमति से डॉ लता कुमार, समन्वयक, आंतरिक गुणवत्ता निर्धारण प्रकोष्ठ ने किया और प्रकोष्ठ के लक्ष्यों और उद्देश्यों को पटल पर रखा। इसके बाद प्राचार्य प्रो (डॉ) अंजू सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि बैठक में शिक्षा एवं शोध के विभिन्न आयामों पर चर्चा के सारगर्भित परिणामों से आगामी गतिविधियों को दिशा मिलेगी। आईक्यूएसी सह-समन्वयक प्रो. अनीता गोस्वामी ने नवंबर 2023 से फरवरी 2024 की अवधि में महाविद्यालय में आयोजित सभी शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों की आख्या पॉवर पॉइंट के माध्यम से प्रस्तुत की। साथ ही उक्त अवधि में महाविद्यालय प्राध्यापकों द्वारा 34 शोध पत्र, 03 पुस्तकों, 07 पुस्तक अध्याय का सृजन किया गया स विभिन्न संस्थाओं द्वारा 02 प्राध्यापकों को सम्मानित किया गया है। महाविद्यालय सड़क सुरक्षा नोडल और प्रतिनिधि छात्रा को लखनऊ में सड़क सुरक्षा समापन कार्यक्रम में पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राजनीति विज्ञान विभाग की 03 छात्राओं ने नेट परीक्षा में सफ्लता प्राप्त की। महाविद्यालय में इस अवधि में तीन शोध उपाधि जमा हुई तथा छात्राओं द्वारा विभिन्न सामाजिक और सामुदायिक कार्यों में सहभागिता की गई। बैठक के मुख्य अतिथि प्रो ज्ञान प्रकाश वर्मा, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी मेरठ-सहारनपुर मंडल ने महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए अपनी शुभकामनाएँ प्रस्तुत करते हुए कहा कि महाविद्यालय को आगामी नेक मूल्यांकन हेतु कड़ी मेहनत करनी है ताकि हम अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।

जनप्रतिनिधि दीपक वर्मा ने महाविद्यालय के प्रति शुभकामनाएँ दी एवं महाविद्यालय के आस पास की सड़कों की मरम्मत एक माह में कराने का आश्वासन दिया ।समाजसेवी श्रीमती अंजू पांडे बेटियाँ फाउंडेशन ने बालिकाओं को शिक्षा, सुरक्षा, स्वावलंबन हेतु हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। ठाकुर प्रीतिश कुमार, प्रो. बीरपाल सिंह और कुलदीप शर्मा ने भी महाविद्यालय को शुभकामनाएँ देते हुए निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में पुरातन छात्राओं, अभिभावकों और वर्तमान छात्रा प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखें। जिसमें मुख्य रूप से पुरातन छात्रा एडवोकेट प्रीति गौतम ने महाविद्यालय में एक लीगल सेल बनाने का सुझाव दिया। अभिभावकों ने महाविद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संयोजन प्रकोष्ठ समन्वयक प्रो. लता कुमार ने किया। कार्यक्रम का धन्यवाद् ज्ञापन प्रो अनीता गोस्वामी ने किया। रिपोर्ट लेखन प्रकोष्ठ सह समन्वयक डा. गीता चौधरी एवं डा. ज्योति चौधरी ने किया। कार्यक्रम आयोजन में आंतरिक गुणवत्ता निर्धारण प्रकोष्ठ सदस्यों डा. सत्यपाल सिंह राणा, डॉ. आर सी सिंह, डॉ उषा साहनी, डॉ भारती शर्मा, डॉ राकेश ढल, डॉ पारुल मलिक, डॉ आशीष पाठक, डॉ दीपा गुप्ता, डॉ सोशल एवं डॉ सुशील कुमार का सहयोग रहा।

# सीडीओ की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

युरेशिया संवाददाता



मेरठ। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में सडक सुरक्षा के संबंध में संबंधित विभागों की कार्य योजना पर विचार विमर्श किया गया। परिवहन एवं पुलिस विभाग द्वारा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए समेकित रूप से की गयी कार्यवाही पर विचार किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने बंद किये गये 29 अन ओथोराइज्ड कट तथा ब्लैक स्पोट की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अवैध कट बनाने वालो को चिन्हित कर उन पर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि वाहन चालकों के नेत्र तथा ब्लड प्रेशर की जांच की जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी सड़कों पर प्रकाश व्यवस्था दुरूस्त रखने के निर्देश दिये। सडक सुरक्षा के प्रचार-प्रसार के संबंध में कृत कार्यवाही की जानकारी प्राप्त करते हुए उन्होंने कहा कि जनपद में सड़क सुरक्षा के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाये। उन्होने संबंधित अधिकारियों को ट्रैक्टर, ट्रॉली एवं व्यवसायिक वाहन पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाये जाने, सर्विस रोड का निर्माण कराये जाने तथा ब्लैक स्पोटो पर रम्बल स्ट्रिप, संकेतक, साईन बोर्ड आदि लगाये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 40 से 50 डिग्री सेल्सियस के बीच अगली गर्मी की लहर के लिए तैयार रहें

युरेशिया संवाददाता



हमेशा कमरे के तापमान का पानी धीरे-धीरे पिएं। ठंडा या बर्फीला पानी पीने से बचें! वर्तमान में, मलेशिया, इंडोनेशिया, सिंगापुर और अन्य देश षार्मी की लहरष् का सामना कर रहे हैं।

### क्या करें और क्या न करें:

1. डॉक्टर 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने पर बहुत ठंडा पानी नहीं पीने की सलाह देते हैं, क्योंकि हमारी छोटी रक्त वाहिकाएं फट सकती हैं।

यह बताया गया कि एक डॉक्टर का दोस्त बहुत गर्मी वाले दिन घर आया - उसे बहुत पसीना आ रहा था और वह खुद को जल्दी से ठंडा करना चाहता था - उसने तुरंत अपने पैरों को ठंडे पानी से धोया ... अचानक, वह गिर गया और उसे अस्पताल ले जाया गया।

2. जब बाहर गर्मी 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाती है और जब आप घर आते हैं, तो ठंडा पानी न पिएं - केवल धीरे-धीरे गुनगुना पानी पीएं।

अपने हाथों या पैरों को तुरंत न धोएं, अगर वे तेज धूप के संपर्क में रहे हैं। धोने या स्नान करने से कम से कम आधे घंटे पहले प्रतीक्षा करें।

3. किसी ने गर्मी में ठंडा होना चाहा और तुरंत स्नान किया। स्नान के बाद, व्यक्ति का जबड़ा अकड़ जाने के कारण अस्पताल ले जाया गया और उसे स्ट्रोक हुआ।

### कृपया ध्यान दे-

गर्मी के महीनों के दौरान या यदि आप बहुत थके हुए हैं, तो तुरंत बहुत ठंडा पानी पीने से बचें, क्योंकि इससे नसें या रक्त वाहिकाएं संकीर्ण हो सकती हैं, जिससे स्ट्रोक हो सकता है।

# वरिष्ठ दंत चिकित्सक डा0 राहुल वैद के क्लीनिक पर रक्तदान शिविर का आयोजन



युरेशिया संवाददाता

मेरठ ।डॉक्टर राहुल वैद वरिष्ठ दंत चिकित्सक के सदर बाजार स्थित क्लीनिक में आई.डी.ए. मेरठ कैंट ब्रांच न्यूट्रिमा ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुभारती डेंटल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ0 निखिल श्रीवास्तव, डॉ0 विजय वाघवन (अध्यक्ष) डॉ0 सुमित गोयल (सचिव) डॉ0 राहुल वैद (एक्सीक्यूटिव सदस्य), ड़ा0 अभिमन्यु (आरएमओ),मुकेश, डॉ0 तरुण फूल, कर्नल एस.के. वैद, श्री मति अन्जना वैद, श्रीमती आरती अग्रवाल उपस्थित रहे। इस रक्तदान शिविर में सदर क्षेत्र वासियों और सुभारती डेन्टल कालेज के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कुल 97 से ज्यादा रक्त दाताओं ने रक्तदान कर इस शिविर में अपना अमुल्य योगदान दिया।

# अमरूद के पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

## एक ही गांव में 24 घंटे के अंदर पेड़ से एक किशोर व एक युवक का शव लटकता मिलने से मचा हड़कंप




अजीत सिंह/ युरेशिया

अम्बेडकरनगर। एक ही गांव में 24 घंटे के अंदर पेड़ से एक किशोर व एक युवक का शव लटकता मिलने से हड़कंप मच गया। किशोर के शव को बिना पुलिस को सूचना दिए आनन-फानन में दाह संस्कार कर दिया गया ।जबकि दूसरे मामले में पुलिस ने शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के गयासपुर बहादुरपुर गांव से जुड़ा है। गयासपुर बहादुरपुर गांव का 21 वर्षीय युवक निरहू शादी समारोह में डांस का काम करता था। स्वजनों ने बताया कि वह सोमवार शाम करीब पांच बजे पलई डांस के लिए निकला था। रात करीब आठ बजे घर से लगभग पांच सौ मीटर दूरी पर गांव में एक अमरूद के पेड़ पर उसका शव लटकता हुआ पाया गया। सूचना पर रोते बिलखते स्वजनों के साथ ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। युवक का शव जमीन से छू रहा था और घुटने मुड़े हुए थे। मौके की परिस्थितियां देखकर स्वजनों के साथ ग्रामीणों ने भी युवक की हत्या की आशंका जताई है। युवक की मौत से स्वजनों में कोहराम मचा है। माता सुदामा के आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। वही पत्नी चांदनी की मौत तीन माह पहले हो चुकी है। युवक की मौत से दो बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। इससे पूर्व रविवार की रात एक किशोर का शव आम के पेड़ से लटकता मिला था। युवक की पहचान महेंद्र कुमार के 15 वर्षीय पुत्र राज के रूप में हुई थी। लेकिन इस मामले में स्वजनों ने पुलिस को सूचना देना मुनासिब नहीं समझा। और शव को फंदे से उतार कर आनन-फानन में दाह संस्कार कर दिया था। किशोर के स्वजनों ने मौत बीमारी से होना बताया है। पुलिस को सूचना न देने के चलते मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। 24 घंटे के अंदर गांव में फांसी के फंदे से दो मौत होने से लोग हतप्रभ हैं। गांव में दोनों मामलों को एक दूसरे से जोड़कर देखा जा रहा है। क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।




# जमीं पर उतरे फैशन की दुनिया के सितारें

## जोश, जज्बा, जुनून के साथ मॉडलस ने दिखाया दम 'डिजाइन कैसल 2024' फैशन समारोह में ग्लैमर सितारों की चमक




युरेशिया संवाददाता

मेरठ। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के नंदलाल बोस सुभारती कॉलिज ऑफफाइन आर्ट एंड फैशन डिजाइन द्वारा 'डिजाइन कैसल 2024' का आयोजन किया गया। सत्यजीत रे प्रेक्षागृह में आयोजित फैशन शो की थीम 'कॉकटेल करिश्मा'पर आधारित रही। फैशन शो का शुभारंभ मुख्य अतिथि मिस फ्लाइंग फेम ग्रैंड इंडिया 2023 देवांशी शर्मा, बॉलीवुड अभिनेता करण शर्मा, कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के. थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज, प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा, फाइन आर्ट कॉलिज के डीन डॉ. पिंटू मिश्रा, फैशन और टेक्सटाइल डिजाइन विभाग प्रमुख डॉ. नेहा सिंह ने किया। इस दौरान देशभर से आए मॉडल ने अपने स्टाइल से सभी का मनमोह लिया। फैशन और टेक्सटाइल डिजाइन विभाग प्रमुख डॉ. नेहा सिंह ने बताया कि उनके विभाग द्वारा आयोजित फैशन शो में विभिन्न राउंड के माध्यम से रैम्प पर परिधानों को पेश किया गया। जिसमें रैम्प पर चलने का तरीका, खूबसूरत ड्रेस, आकर्षक मेकअप को दर्शाया गया जिससे पूरे फैशन शो में माहौल बहुत रंगारंग बना रहा। उन्होंने बताया कि इसी कार्यक्रम के अंतर्गत 6 दिवसीय मॉडलिंग वर्कशॉप में 80 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के.थपलियाल ने कहा कि फैशन इंडस्ट्री सितारे की तरह जगमगा रही है तथा सुभारती विश्वविद्यालय का फाइन आर्ट कॉलिज छात्र छात्राओं को चमकती हुई दुनिया का सितारा बनाने की कला सिखा रहा है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज ने सभी छात्र छात्राओं को कार्यक्रम के आयोजन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि फाइन आर्ट एवं फैशन डिजाइन के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं है।

इसके लिये छात्र छात्राओं को कठिन परिश्रम करके मंजिल तक पहुंचना होता है, जो गुरुओं के बताये गये रास्ते पर चलकर प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने सभी मॉडल्स को अपनी शुभकामनाएं दी। फाईन आर्ट कॉलिज के प्राचार्य डा. पिंटू मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं में फैशन की कला का सर्वांगीण विकास के साथ एक कामयाब मॉडल बनने हेतु उन्हें फैशन की तकनीकी बारीकियां से रूबरू कराना है। उन्होंने बताया कि सुभारती फाईन आर्ट कॉलिज दिल्ली सहित उत्तर प्रदेश का पहला ऐसा फैशन कॉलिज है जहां कला की विभिन्न विधाओं को आधुनिक तरीकों से सिखाया जाता है और छात्र छात्राओं को इस अंदाज में फैशन की शिक्षा दी जाती है कि वह प्रतिभाशाली होकर रोजगार भी पा सके है और अपनी प्रतिभा से देश का रोशन कर सकें। सुभारती फाइन आर्ट कॉलिज से डिग्री व डिप्लोमा कर रहे छात्र छात्राओं के परिधानों को रैम्प पर उतारा गया रंग बिरंगी चमकती लाइटों व मंत्रमुग्ध करने वाले म्यूजिक में रैम्प पर चलते मॉडल एक अलग ही रोमांच के अनुभव को प्रदर्शित कर रहे थे ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मानो आसमान के सितारे जमीं पर उतर आए हो। अतिथियों ने फाइन आर्ट्स की वार्षिक पत्रिका का भी विमोचन किया ।जूरी सदस्यों के पैनल में सुश्री राधिका (सुश्री उत्तराखंड 2024), सचिन गर्ग (फैशन डिजाइनर, संस्थापक आर्टिस्टिक एलायंस), आशी बग्गा (मॉडल, अभिनेता, गायिका, पेजेंट कोच), और सुश्री हंसिका त्यागी (फैशन मॉडल) शामिल हैं। अभिनेत्री एमएम ने संग्रह और मॉडलों को सटीकता के साथ परखते हुए इस कार्यक्रम में अपनी विशेषज्ञता पेश की। उत्साह से भरे छात्रों ने दस आकर्षक राउंड में अपने डिजाइन संग्रह प्रदर्शित किए, जिनमें से प्रत्येक 'कॉकटेल करिश्मा'थीम का सार दर्शाता रहा। जूरी सदस्यों के पैनल ने विजेताओं का चयन किया, जिसमें सुश्री आर्या, सुश्री ज्योति सिंह, सुश्री आकांक्षा, सुश्री सुहानी, सुश्री जंशिका और सुश्री मिताली ने प्रतिष्ठित 'बेस्ट डिजाइन कलेक्शन डीसी 2024' ट्रॉफी जीती।? बेस्ट इनोवेशन कलेक्शन सलीम, यशिका, अदीबा, शिवानी, संध्या, नंदनी, अक्सा, सलिशा। सतह अलंकरण में श्विनी, कुमकुम रही। बेस्ट कमर्शियल कलेक्शन में जियांसी, कशिश, वानी, मुस्कान, प्रेनिका, मधु रही। परिधान निर्माण में हिमांशी, इशिका, आलिमा, दिपांशु, मनीषा, सिमरन रही। शो स्टॉपर ड्रेस अवार्ड दिक्षा को मिला। शो में प्रायोजक के रूप में ग्लैमर इंडिया यूके इंटरनेशनल मेकओवर पार्टनर, कलाकर्स द्वारा फ्रेम्स फोटोग्राफी और सिनेमैटोग्राफी पार्टनर, एजीएस ग्रूमिंग अकादमी, जिमजेनिक्स फिटनेस आजाद हिंद रेडियो, हैप्पी डे पब्लिक स्कूल की भूमिका रही। शो में डॉ. भावना ग्रोवर, पीपीडी निदेशक ई. आकाश भटनागर, डॉ. विधि खंडेलवाल, डॉ. अर्पणा काम्बोज, डॉ. मीनाक्षी टम्टा, श्रद्धा यादव, अनीशा आनंद, अभिलाषा गर्ग, सौम्या शर्मा, अंशू सिंघल शामिल हैं। शैलजा सिंधय, मोनिका वर्मा, आशीष वर्मा, लकी त्यागी, अक्षय शर्मा ने भी छात्रों को इस शानदार सफ्लता पर बधाई दी।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक विकास दीप त्यागी ने युरेशिया प्रिन्टिंग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से छपवाकर 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादकः संजय त्यागी मो0 : 9412835535, 9410231400 फोनः 01214324497 Email- editorureshiya@gmail.com (किसी भी विवाद के लिए मेरठ न्यायालय मान्य)